
# चिकित्सा शिक्षा और उपचार को बेहतर करने के लिए नियमित समीक्षा करें : वर्णवाल

## विभागाध्यक्ष रिसर्च वर्क को प्राथमिकता दें, डीन ने बताईं समस्याएं, बेहतर सुविधाओं के लिए दिए गए निर्देश





नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अशोक वर्णवाल ने मेडिकल कालेज सभागार में आयोजित बैठक में मेडिकल कालेज के कार्यों की गहन समीक्षा की. अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मेडिकल कालेज के सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों तथा उपचार व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें. समीक्षा के बाद व्यवस्थाओं को बेहतर करने के प्रयास करें.**

अपने विभाग को बेहतर करने के लिए रिसर्च वर्क को प्राथमिकता दें. विद्यार्थियों से मौलिक रिसर्च कराकर रिसर्च पेपर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मेडिकल चैनलों में प्रकाशित कराएं. रिसर्च पेपर का प्रकाशन अपेक्षा के अनुसार नहीं है. विभाग की नियमित समीक्षा से ही दक्षता और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी. अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मेडिकल कालेज में कई बार रोगी जटिल परिस्थितियों में रेफर होकर आता है. ऐसे में कई बार उनको मौत के मुंह में जाने से हम नहीं बचा पाते. प्रसूति विभाग और शिशु रोग विभाग में होने वाली मौतों की निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार आडिट कराएं. विभागाध्यक्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय बनाकर आडिट में उजागर हुई कमियों को दूर कराएं जिससे मौत की घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके. मेडिकल कालेज में उपचार सुविधाओं के विस्तार के लिए सही तथ्यों के साथ कार्ययोजना बनाएं. इसमें मशीनों, भवन, नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य आवश्यक मानव संसाधनों का उल्लेख करें.

वर्तमान में मेडिकल कालेज और उससे जुड़े अस्पतालों में 1550 बेड में भर्ती की सुविधा है. इनके अनुपात में नर्सों की भर्ती करें. बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, अधीक्षक संजय गांधी हास्पिटल डॉ. राहुल मिश्रा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. एसबी अवधिया, सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी तथा मेडिकल कालेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं निर्माण कार्यों से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे.

### रोगी को रेफर न करना पड़े ऐसी व्यवस्था करें

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मेडिकल कालेज से किसी भी रोगी को रेफर न करना पड़े, ऐसी व्यवस्था करें. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला अस्पताल में भी उपचार व्यवस्थाएं बेहतर करें जिससे रेफरल कम से कम हो. उपचार के साथ-साथ मेडिकल कालेज से जुड़े अस्पतालों में विभिन्न रोगों की जांचों की सुविधा भी बढ़ी है. लेकिन डॉक्टर उपचार करते समय आवश्यक जाँचें ही लिखें. अपर मुख्य सचिव ने खराब मशीनों के तत्काल सुधार के निर्देश दिए. बैठक में मेडिकल कालेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने बताया कि मेडिकल कालेज रीवा में वर्तमान में उपलब्ध 150 सीटों को 250 तक बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है. डेंटल कालेज की स्थापना, कैंसर यूनिट के लिए नए पदों में भर्ती तथा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार का भी कार्य किया जा रहा है. मेडिकल कालेज से जुड़े अस्पतालों में मेंटीनेंस तथा सिविल वर्क के लिए बजट एवं स्टाफ की आवश्यकता है. खराब मशीनों के सुधार के लिए आवश्यक राशि की मांग की गई है.

### 30 प्रतिशत से अधिक मेजर ऑपरेशन चिंताजनक

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उपचार व्यवस्था पहले से बहुत बेहतर हो गई है. सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में उत्कृष्ट कार्य हो रहा है. इसके कॉर्डियोलॉजी विभाग का कार्य बहुत अच्छा है. इस अस्पताल को होने वाली आय को उपचार सुविधाओं को बेहतर करने में खर्च करें. दानदाताओं, डीएमएफ मद तथा निजी कंपनियों के सीएसआर मद से भी राशि प्राप्त कर आवश्यक उपकरणों की खरीद करें. प्रसूति विभाग में 42794 रोगियों को भर्ती किया गया. इनमें से 30 प्रतिशत से अधिक का मेजर आपरेशन होना चिंताजनक है. पीडियाट्रिक विभाग में भी शिशुओं की भर्ती का डेटा सही नहीं प्रतीत होता है. सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग की जानकारी और डेटा भी ठीक से भरवाएं. इसमें किसी तरह की लापरवाही न करे.

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने उपार्जन केन्द्र गुढ़ क्रमांक-एक का निरीक्षण किया तथा उपार्जित गेंहू की गुणवत्ता एवं परिवहन के संबंध में जानकारी प्राप्त की. खरीदी केन्द्र में उपस्थित किसानों ने बताया कि सर्बर काफी धीमा चल रहा है. अतिरिक्त मुख्य सचिव ने फोन से भोपाल में सर्बर व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिये. उन्होंने स्लाट बुकिंग व किसानों की गेंहू उपार्जन की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस दौरान बताया गया कि अभी तक 240 किसानों द्वारा स्लाट बुक किया गया है. आज 28 किसानों के स्लाट बुक थे जिनमें से 4 किसानों ने अपना गेंहू विक्रय किया. केन्द्र में अभी तक 2991 क्विटल गेंहू की खरीदी हो चुकी है जिनमें से 2500 क्विटल का परिवहन कर गोदाम में भण्डारण कराया जा चुका है. अतिरिक्त मुख्य सचिव ने उपार्जन केन्द्रों में छाया, पीने के पानी की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराते हुए पर्याप्त संख्या में तौल कांटा उपलब्ध रहने के निर्देश दिये. इस अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने उपार्जित गेंहू का अपने समझ तौल कराया तथा गेंहू की गुणवत्ता देखी तथा व्यवस्थित उपार्जन के निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.



# 20 अप्रैल 1970 को रीवा में 45 डिग्री पहुंचा था दिन का अधिकतम तापमान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, इस समय पूरे प्रदेश के साथ रीवा में भीषण गर्मी पड़ रही है. आसमान से आग बरस रही है, जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित है.**

सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री रहा. हालाकि शाम को हल्के बादल भी आ गये. 20 अप्रैल 1970 को रीवा में 45 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया था. अप्रैल के महीने में औसत अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री रहता है.

लेकिन इस समय 45 डिग्री तापमान पहुंच गया है जो कि नौतपा के समय होता है. आकड़ो पर अगर नजर डाले तो वर्ष 2016 में अप्रैल का अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक गया था जबकि गत वर्ष 43 डिग्री रहा है. इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है एसी-कूलर पंखे तक काम नही कर रहे है. सुबह 8 बजे से तेज धूप के साथ गर्मी शुरू हो जाती है और दिन भर गर्म हवाएं चलती है. शाम 5 बजे के बाद ही कुछ राहत मिलती है. पिछले तीन दिन से रात में भी गर्मी पड़ रही है सुबह कुछ ठंड रहती है. सभी परेशान है कि अप्रैल में इस बार इतना तापमान कैसे पहुंच गया. आने वाले महीने में गर्मी और कहर ढहाएगी.

इस भीषण गर्मी से पशु-पक्षी भी बेहाल है. भूमि गत जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है वही उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे है. गर्मी से बचने के लिये दोपहर घरो से बाहर न निकले और सिर ढ़क कर चले. मौसम विभाग की माने तो दो दिन में बूंदाबांदी के साथ हल्की आंधी भी चल सकती है.

## संक्षिप्त

### टी.एल. बैठक आज

**रीवा.** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को टी.एल. बैठक का आयोजन किया गया है. कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों का निराकरण तथा आगामी 29 अप्रैल को मुख्य सचिव द्वारा व्ही.सी. के माध्यम से ली जाने वाली समीक्षा बैठक के एण्जेडा बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी.

### कमिश्नर की टीएल बैठक आज

**रीवा**.कमिश्नर बीएस जामोद 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे. बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी. बैठक में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी. बैठक के बाद सतना और सीधी जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### मुख्य सचिव कल करेंगे समीक्षा

**रीवा.** मुख्य सचिव अनुराग जैन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों की समीक्षा करेंगे. बैठक में कानून व्यवस्था, सुशासन, राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, शिक्षा, खाद्य, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को संबंधित जिलों के एनआईसी केन्द्र में अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सौंपा ज्ञापन



**गुढ़.** गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय गौसेवा समिति की टीम द्वारा सोमवार को गुढ़ तहसील पहुंचकर तहसीलदार महिमा पाठक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश में सम्पूर्ण देशी गोवंश की विधिवत सेवा एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, गोमाता को 'राज्य माता' घोषित किया जाए तथा 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने हेतु केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी जाए. साथ ही प्रदेश में गो आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की भी अपील की गई है. अभियान के तहत गुढ़ क्षेत्र में अखिल भारतीय गौसेवा समिति की टीम ने घर-घर एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवाए. इस दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अभियान का समर्थन किया और गोमाता के संरक्षण के लिए अपनी सहमति दी. इस पूरे अभियान में गौवत्स राधेमोहन जी महराज विकर्ष उपाध्याय, लकी सोनी नीलू चौरसिया शिवा गुप्ता चंदू सोनी अजय गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई. टीम के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान जनजागरण के उद्देश्य से चलाया जा रहा है.

### पेयजल के संबंध में बैठक 30 को

**मऊगंज**.कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में आगामी 30 अप्रैल को जिले में ग्रीष्मकाल में होने वाली पेयजल की समस्या एवं उसके निराकरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई है. अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में एसडीएम, पीओडब्ल्यू, कार्यपालन यंत्री पीएचई, सीएमओ तथा सीईओ जनपद उपस्थित रहेंगे.

# एसिड पीकर सब्जी ठेला व्यापारी ने दी जान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, परिवार का पेट पालने के लिए सब्जी का ठेला लगाने वाले एक व्यापारी पर जब महंगाई की मार पड़ी तो उसने मौत को ही गले लगा लिया. घर के समीप स्थित एक खेत में जाकर ठेला व्यापारी ने एसिड का घूट पिया और वही गिर गया.**

परिजनों ने बताया कि निपनिया निवासी मृतक राम कुशल दाहिया ठेला में सब्जी का व्यापार करता था और उसी से उसका परिवार चलता था. मृतक निरंतर 5 दिन से सौदा लेने के लिए मंडी का चक्कर लगा रहा था लेकिन महंगाई के कारण वह रोज ही खाली हाथ वापस आ जाता था.

मृतक के पुत्र ने बताया कि उसका पिता इसी बात को लेकर चिंता में था परिवार में आर्थिक संकट आने लगा.तकरीबन 2:00 बजे जब मृतक मंडी से वापस आया तो वह घर ना जाकर पास के ही एक खेत में चला गया अपने साथ एसिड लेकर आया था और उसी को पीकर जान दे दी.

# मध्यम एवं बड़े कृषकों के लिए स्लॉट बुकिंग सुविधा प्रारंभ : संजय



नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 27 अप्रैल, राज्य शासन द्वारा गेंहू उपार्जन के लिए किसानो के लिए स्लॉट बुकिंग की अवधि 9 मई तक बढ़ा दी गई है , अब छोटे, मध्यम एवं बड़े सभी किसान स्लॉट बुक कर समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय कर सकते है.**

इस व्यवस्था के माध्यम से कृषक निर्धारित समयानुसार उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे, जिससे अनावश्यक भीड़, प्रतीक्षा समय तथा अव्यवस्था की स्थिति से बचाव होगा. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने पन्नी उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, तौल प्रक्रिया, भंडारण, साफ-सफाई एवं किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्लॉट बुकिंग प्रणाली का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक कृषक इसका लाभ उठा सकें. उन्होंने यह भी कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. तौल में पारदर्शिता बनाए रखने तथा समय पर भुगतान की व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए. निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर पीके पांडेय, एसडीम मौजूद रहे.

# खेत से बस्ती तक पहुंची आग, ग्रामीणों ने पाया काबू

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, खेतों की नरवाई जलाने में प्रतिबंध के बावजूद लोग नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे है. लोगों की यह लापरवाही ना सिर्फ मुसीबत का सबब बन रही है बल्कि काफी नुकसानदायक भी साबित हो रही है.**

सेमारिया विधानसभा के बस्ती से दूर स्थित खेत की नरवाई में लगी आग तेज धूप और हवा के साथ आसपास के खेतों से होकर बस्ती की ओर जा पहुंची. यहां बस्ती और फैलती आग को देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और वह आग पर काबू पाने में जुट गए. हालांकि ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को भी दी, लेकिन दमकल मौके पर नहीं पहुंचा, ऐसे में ग्रामीणों को खुद से आग बुझाने की मशक्कत करनी पड़ी. दरअसल आगजनी की यह घटना के सेमरिया के ग्राम पंचायत खरा की है जहा खेत में भड़की आग ने ग्रामीणों में हड़कंप मचाकर रख दिया. फिलहाल ग्रामीणों ने आग पर तो काबू पा लिया लेकिन दमकल के न पहुंचने पर आक्रोश रहा.

### नरवाई में लगी भीषण आग

गुढ़, गुढ़ बाईपास से लगे खेतों में आज सोमवार को दोपहर अचानक भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया है,जिससे आस पास अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त है. आग की लपटें इतनी तेज और ऊंची थी कि स्थानीय लोगो द्वारा उन्हें नियंत्रित कर पाना असंभव साबित हो रहा था. सबसे चिंताजनक विषय यह है कि आग की ये विनाशकारी लपटें गुढ़ स्थित इंडेन गैस एजेंसी से महज कुछ ही कदमों की दूरी पर थी. यदि समय रहते फायर ब्रिगेड आग पर काबू नहीं पाया होता तो आग विकराल रूप धारण कर एक बडे हादसे को निमंत्रण दे चुकी थी वही मौके पर पहुंची गुढ़ फायर ब्रिगेड ने घंन्टो बड़ी मसक्कत कर आग पर काबू पाया.

# गुढ़ बाईपास में लावारिस हालत में मिली क्षतिग्रस्त 108 एम्बुलेंस

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 27 अप्रैल, नेशनल हाईवे 39 रीवा-सीधी रोड पर गुढ़ बाईपास के समीप एक अनियंत्रित 108 एम्बुलेंस के क्षतिग्रस्त अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.**

घटना की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि दुर्घटना के बाद एम्बुलेंस चालक या संबंधित स्टाफ ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी और मौके से फरार हो गए. स्थानीय राहगीरों ने जब क्षतिग्रस्त वाहन को देखा तो इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी. मौके पर न तो एम्बुलेंस का चालक मौजूद था और न ही कोई अन्य स्टाफ. दुर्घटना कितनी गंभीर थी या इसमें कोई घायल हुआ है, इसकी जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है क्योंकि घटना के बाद किसी ने भी आधिकारिक तौर पर पुलिस या प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं दी. जांच का विषय है कि एम्बुलेंस की हालत कैसे हुई.

# स्किल जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. द्विवेदी ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, किरण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सिकल सेल जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम में देशभर में एनीमिया एवं सिकल सेल जागरूकता को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. ए.के. द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अपने उद्बोधन में डॉ. द्विवेदी ने सिकल सेल रोग को केवल एक चिकित्सीय समस्या न मानते हुए इसे सामाजिक, पारिवारिक एवं भावी पीढ़ियों से जुड़ी गंभीर चुनौती बताया. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि 'सिकल सेल एक आनुवंशिक विकार है, इसलिए इसका समाधान केवल इलाज में नहीं, बल्कि जागरूकता, समय पर जांच और जिम्मेदार सामाजिक निर्णयों में निहित है. डॉ. द्विवेदी ने अपने अनुभव साझा करते हुए यह भी कहा कि समाज में स्वास्थ्य शिक्षा को एक अभियान का रूप देना समय की आवश्यकता है, विशेषकर युवाओं को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए.

# भयप्रद जर्जर भवन चिन्हित कर कार्यवाही करें : अक्षत



नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, निगम आयुक्त अक्षत जैन ने 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान एवं मप्र शासन के 'जल गंगा संवर्धन अभियान', स्वच्छता विभाग तथा सीएम हेल्पलाइन के संबंध में समीक्षा बैठक ली.**

बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने जल संचय जन भागीदारी अभियान तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष तक किए गए सभी कार्य जैसे रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पुराने संरचनाओं का जीर्णोद्धार, नालों की सफाई, पौधारोपण एवं अन्य सार्वजनिक कार्य की विस्तृत एवं प्रमाणित जानकारी तैयार की जाए.

प्रत्येक कार्य का स्थान, तिथि, फोटो एवं संबंधित विवरण सहित सूची बनाकर एक सप्ताह के भीतर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराई जाए. शहर में स्थित भयप्रद एवं जर्जर भवनों के संबंध में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी भवनों का पुन: चिन्हांकन कर नियमानुसार कार्रवाई पूर्ण की जाए, ताकि वर्षा ऋतु के पूर्व ऐसे भवनों को हटाकर संभावित दुर्घटनाओं एवं जन-धन की हानि से बचाव सुनिश्चित किया जा सके. निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी वार्ड नोडल अधिकारियों को अपने-अपने वार्डों में विशेष ध्यान देने, प्रतिदिन भ्रमण करने तथा कमियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर करे.

# किसान के घर से चोरों ने पार की गेहूं की बोरियां, सीसीटीवी में कैद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, मऊगंज जिले में चोरी का एक अजीब मामला प्रकाश में आया है. चोर इन दिनों सोना चांदी या नगदी नहीं बल्कि जरूरत का सामान चोरी कर रहे है.**

हाल ही में घरेलू गैस सिलेण्डर की किल्लत के बीच सिलेंडर चोरी के कई मामले प्रकाश में आए, जिसके बाद अब ताजा मामला गेंहू चोरी का सामने आया है, जहां चोरो ने दिन दहाड़े किसान के घर से क्विंटलभर से अधिक गेंहू को ही पार कर दिया.फिलहाल यह घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो युवक गेंहू से भरी बोरियां चोरी कर ले जाते नजर आ रहे है. दरअसल चोरी का यह अजब गजब मामला मऊगंज जिले के नईगढी थाना क्षेत्र ग्राम भनिगवां का है, जिसकी लिखित शिकायत फरियादी नें नईगढी थाने में दर्ज कराई है. फरियादी रोहत पटेल नें अपनी शिकायत में बताया है कि रविवार की दोपहर करीब 1 बजे जब घर में कोई नहीं था तभी दो की संख्या में आए अज्ञात चोरों ने 2 से 3 क्विंटल गेंहू पार कर दिया. पीडित नें बताया गेंहू चोरी की यह घटना उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें दो युवक दिन दहाडे गेंहू से भरी बोरियां चोरी कर ले जाते नजर आ रहे है. फिलहाल फरियादी की शिकायत पर पुलिस नें मामले को जांच में लिया है और सीसी टीवी फुटेज की मदद से चोरी करने वालों की पहचान कर तलाश शुरू कर दी है. चोरी के बाद से लोगो में आक्रोश है.

# केन्द्रीय जेल में लगाई गई विशेष लोक अदालत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अप्रैल, केन्द्रीय जेल रीवा में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया.**

लोक अदालत का शुभारंभ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से किया. लोक अदालत में विशेष न्यायाधीश संदीप शर्मा ने आपसी सुलह से प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी. लोक अदालत में केन्द्रीय जेल रीवा में बंदियों के राजीनामा योग्य सभी तरह के प्रकरणों की सुनवाई की गई. सुनवाई के बाद निराकरण के लिए पाँच बंदियों को चिन्हित किया गया. इसमें से एक बंदी का आपसी सुलह से प्रकरण लोक अदालत में निराकृत किया गया.